लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 2436

06 अगस्त, 2024 को उत्तर दिए जाने के लिए

आंध्र प्रदेश में रेशम बुनकर

2436. श्री बस्तीपति नागराजू:

क्या वस्त्र मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) आंध्र प्रदेश में जिले-वार वर्गीकृत रेशम बुनकरों की कुल संख्या कितनी है;

(ख) आंध्र प्रदेश में जिले-वार वर्गीकृत योजना के अंतर्गत शामिल बुनकरों की संख्या कितनी है;

(ग) क्या योजना के अंतर्गत रेशम कीटपालकों को रेशम कीटपालन इकाइयां स्थापित करने में सहायता दी गई है; और

(घ) यदि हां, तो जिले-वार वर्गीकृत ऐसी इकाइयों का ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

वस्त्र राज्य मंत्री

(श्री पबित्र मार्घेरिटा)

(क): आंध्र प्रदेश में 72,342 रेशम बुनकर हैं। रेशम बुनकरों की जिलेवार संख्या नीचे दी गई है:

क्र.सं.	**जिले का नाम**	**रेशम बुनकरों की संख्या**
1	अनकापल्ली	150
2	काकीनाडा	1,500
3	पूर्वी गोदावरी	400
4	डॉ.बी.आर.अंबेडकर कोनासीमा	200
5	गुंटूर	1,950
6	पलनाडु	442
7	बापतला	3,500
8	एसपीएसआर नेल्लोर	3,600
9	कुरनूल	2,000
10	नंदयाला	500
11	वाईएसआर कडपा	5,000
12	अन्नमय्या	8,000
13	तिरुपति	3,000
14	चित्तूर	100
15	अनंतपुरम	9,000
16	श्री सत्य साई	33,000
	कुल	**72,342**

स्रोत: हथकरघा एवं वस्त्र विभाग, आंध्र प्रदेश सरकार

(ख) से (घ): केंद्रीय रेशम बोर्ड (सीएसबी) ने आंध्र प्रदेश के रेशम उत्पादन करने वाले किसानों को रेशम समग्र और सिल्क समग्र-2 के अंतर्गत 47.20 करोड़ रुपये की केंद्रीय सहायता से 2,469 रेशम कीट पालन गृहों/इकाइयों के निर्माण के लिए सहायता प्रदान की है। इसके अतिरिक्त, केंद्रीय रेशम बोर्ड अनुसंधान संस्थान और रेशम कीट बीज संगठन अपने अधिदेशों और मुख्य गतिविधियों के अनुसार रेशम कीट नस्लों/संकरों का विकास, रखरखाव और उनकी संख्या में वृद्धि करने का कार्य निष्पादन करते हैं। सीएसबी भी रेशम कीट पालन इकाइयों की स्थापना के लिए केंद्रीय रेशम बोर्ड संस्थानों को सहायता प्रदान करता है।

आंध्र प्रदेश में रेशम समग्र और रेशम समग्र-2 योजनाओं के अंतर्गत समर्थित पालन गृहों/इकाइयों की जिलावार संख्या नीचे दी गई है:

क्र.सं.	**जिले का नाम**	**सिल्क समग्र और सिल्क समग्र-2 के अंतर्गत सहायता प्राप्त पालन गृहों की संख्या**
1	अनंतपुर	920
2	चित्तूर	779
3	कुरनूल	127
4	वाईएसआर कडपा	115
5	नेल्लोर	22
6	प्रकाशम	75
7	गुंटूर	29
8	कृष्णा	31
9	विजयनगरम	16
10	पूर्वी गोदावरी	153
11	पश्चिम गोदावरी	81
12	श्रीकाकुलम	79
13	विशाखापत्तनम	42
	कुल	2,469

रेशम समग्र और रेशम समग्र-2 के अंतर्गत बुनकरों और बुनाई घटकों के संबंध में, आंध्र प्रदेश सरकार से कोई प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुआ है।

****